## एक नजर में



### मां शिप्रा के उद्गम पहुंची प्रदशिणा यात्रा

**उज्जैन।** मां शिप्रा उद्गम पर पहुंची प्रक्षिणा यात्रा त्रिशूल शिवगण वाहिनी ने महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरि जूना अखाड़ा एवं महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज निर्मोही एवं संत समिति उज्जैन के अध्यक्ष विशाल दास महाराज वैष्णव निर्मोही अखाड़ा की अगुवाई एवं त्रिशूल शिवगण वाहिनी के संस्थापक पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी तथा आदित्य नागर के संयोजन में निकाली जा रही उद्गम से संगम प्रदिक्षणा यात्रा आज शिप्रा के उद्गम स्थान पर पहुंची। जहां संतों की उपस्थिति में पूजन अर्चन हवन पूजन कर मां शिप्रा को शुद्ध पवित्र एवं प्रभावमान बनाये जाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मीरा पुरी, माधवी झा, ज्ञानेश्वरी पुरी, कुसुम लता पुरी, आशा, पुष्पा चेतना, पं. संजय चतुर्वेदी, देवदत्त शर्मा आदि यात्री बड़ी संख्या में शामिल रहे। उज्जैन रामघाट से यात्रा का प्रथम पड़ाव भूतेश्वर महादेव देवल घाट बोलासा में शिप्रा पूजन के साथ सनातन पंचायत हुई तथा दूसरा पड़ाव शिप्रा घाट देवास पर मां शिप्रा पूजन कर शिप्रा शुद्ध करने के लिए यात्रियों ने श्रमदान किया व सनातन पंचायत लगाकर शिप्रा शुद्ध करने का आव्हान किया तथा तीसरा पड़ाव दखना खेड़ी में भी शिप्रा पवित्र करने हेतु जनजागरण किया। दूसरे दिन ग्राम सिमरा होते हुए तथा खड़ा उज्जैन पहुंचेगी जहां शिप्रा की आरती पूजन पश्चात सदावल रोड़ स्थित दादूराम आश्रम पर मां शिप्रा शुद्ध एवं पवित्र सता प्रवाह करने के लिए जान चेतना सभा होगी।

### सकल पंच साहू समाज की कार्यकारिणी घोषित

**उज्जैन।** नगर के सकल पंच साहू समाज उज्जैन की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। कार्यकारिणी में अध्यक्ष के रूप में जगदीश चंद्र साहू, उपाध्यक्ष भैरूलाल साहू, किशोर कुमार साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद साहू, सह कोषाध्यक्ष राकेश कुमार साहू, सचिव के रूप में दीपक कुमार साहू, सहसचिव महेश कैलाश नारायण साहू, प्रचार मंत्री रवि साहू, व्यवस्थापक मोहनलाल साहू और कार्यकारिणी सदस्य गण के रूप में आशीष कुमार साहू, योगेश कुमार साहू, महेंद्र कुमार साहू, वीरेंद्र कुमार साहू, गोपाल कुमार साहू, अजय कुमार साहू, अजय कुमार साहू और लक्ष्मी नारायण साहू को मनोनीत किया गया। सकल पंच साहू समाज संस्था के संरक्षक ओम प्रकाश साहू होंगे और परामर्शदाता के रूप में लक्ष्मी नारायण बाबूलाल साहू को मनोनीत किया गया है। उक्त जानकारी प्रचार सचिव रवि साहू ने दी।

### सुमन आंजना ने उत्तीर्ण की सीए फाइनल परीक्षा



**उज्जैन।** आंजना समाज की बेटी सुमन आंजना ने सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर समस्त आंजना समाज का मस्तक ऊंचा किया है। सुमन आंजना आंजना समाज के रणछोड़सिंह काका साहब चिंतामण जावसिया वाले की पोती तथा मंजीलाल आंजना की बेटी है। इस स्वर्णिम उपलब्धि पर काका साहब, मंजीलाल, मां-बाबूजी, सुमन बेटी एवं पूरे परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। पिता मंजीलाल ने कहा कि काका साहब का नाम रोशन करते हुए सुमन ने साबित कर दिया कि आंजना की बेटियां पढ़ाई हो या पराक्रम, हर मैदान में अव्वल हैं।

### नागेश्वर महादेव को लगा 56 भोग



**उज्जैन।** शहर के मध्य स्थित ऋषि नगर एक्सटेंशन स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर पर 1 नवम्बर शनिवार को नागेश्वर महादेव भक्त मंडली की ओर से विशाल अन्नकूट का आयोजन हुआ। पं. वैभव शर्मा गुरु ने भगवान को 151 व्यंजनो के साथ, भव्य श्रृंगार, भव्य आतिशबाजी और महा आरती कर अन्नकूट महोत्सव संपन्न किया। इसमें ऋषि नगर एक्सटेंशन के सभी मान्य नागरिक शामिल हुए। 2 नवम्बर को अन्नकूट का प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### कलेक्टर सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह कलेक्टर कार्यालय सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने बैठक में भावांतर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा कर निर्देश दिए कि भावांतर संबंधित सभी कार्यों पर सभी एसडीएम अपने अनुभागों में लगातार निगरानी रखे। सभी संबंधित अधिकारी जिले की मंडियों का सतत् निरीक्षण करें। योजना में कृषकों और व्यापारियों से सतत संवाद बनाकर कार्य करें। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्वाचन आयोग के कार्यों को अत्यंत गंभीरता से करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में निर्देश दिए गए कि निर्वाचन के कार्यों में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएंगी। कलेक्टर सिंह ने बैठक के दौरान उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा की। उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा के दौरान कलेक्टर सिंह ने डबल लॉक, सोसायटीज और निजी क्षेत्र के उर्वरक स्टॉक की जानकारी ली। उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा कर कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उर्वरक के साथ अनावश्यक टैगिंग ना हो, नकली उत्पाद ना बेचे जाए और कालाबाजारी ना हो इसका विशेष ध्यान दे। सभी सोसायटीज में उर्वरक उपलब्धता मांग के अनुरूप रहे यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पदीय दायित्वों में लापरवाही बरतने पर सीसीबी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर सिंह ने दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने आयुष्मान कार्ड 70+ अंतर्गत किए गए कार्य की समीक्षा की। बैठक में नगर पालिका नागदा और बड़नगर तथा नगर निगम उज्जैन को कार्य में अभियान चलाकर कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने सभी एसडीएम को आयुष्मान कार्ड बनाने की योजना पर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। ग्रामीण ब्लॉक्स में योजना अंतर्गत पेंडिंग आवेदनों पर विशेष ध्यान देकर सभी कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बैठक के अंत में समयावधि पत्रों की समीक्षा कर विभागों के जिला अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि प्रगतिरत निर्माण कार्यों में आवश्यक संकेतक लगाने और सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों के पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुकम्पा नियुक्ति, शासकीय शिक्षकों के अवकाश के नगदीकरण के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट, अपर कलेक्टर राजेश राठौर, शास्वत शर्मा, अत्येंद्र सिंह, सभी एसडीएम और अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# उज्जैन हुआ विकास में पोर्ट, दताना हवाई पट्टी पर बनेगा नया एयरपोर्ट

## सिंहस्थ महाकुंभ से पहले पूरा होगा निर्माण कार्य, धार्मिक नगरी से खत्म होगी देश-विदेश की दूरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा भी होगी पूरी





**उज्जैन। हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई जहाज में बैठ सके, मध्य प्रदेश सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े हर उस शख्स के चहुंमुखी उत्थान के लिए दृढसंकल्पित है। जिसे सुविधाओं की आवश्यकता है। मध्य प्रदेश सरकार सिंहस्थ 2028 से पहले महाकाल की नगरी में दताना मताना हवाई पट्टी पर एयरपोर्ट का निर्माण करेगी। जिसकी सुविधा देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को प्राप्त होगी। यह बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही।**

पुरानी अवंतिका नई उज्जयिनी देश की आध्यात्मिक राजधानी। यह वही नगरी है जो युगों युगों से धर्म, ज्ञान और शक्ति की धुरी रही है। अब उज्जैन आधुनिक विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हो रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ने कालों के काल, भूताधिपति भगवान महाकालेश्वर को भेंट स्वरूप उज्जैन में एयरपोर्ट निर्माण का निर्णय लिया है। यह सिर्फ एक हवाई विकास परियोजना नहीं, बल्कि आस्था, श्रद्धा और सेवा का प्रतीक बनेगा। हवाई पर्यटन एयरप्लेन सर्विस और हेलीकॉप्टर सेवा के संचालन से मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बना है। जिसने इंट्रा-स्टेट एयर सर्विसेज शुरू की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई यात्रा का सुख ले सके। एयर कनेक्टिविटी से न केवल पर्यटन और व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि हर नागरिक अपने सपनों को आसमान में उड़ता देखेगा।

अपर मुख्य सचिव (विमानन) संजय कुमार शुक्ल ने बताया कि उज्जैन एयरपोर्ट के लिए एमओयू प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। आगामी चरण में कुछ और जिलों में एयरपोर्ट निर्माण पर शासन स्तर पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

यूं तो डॉ. मोहन यादव उज्जैन विकास प्राधिकरण के जब अध्यक्ष थे उस दौर में ही उन्होंने विकास कार्य करवा दिए थे। बल्कि कई आगामी योजनाएं भी बनाई थी। जो एक-एक करके सारी योजनाएं विकासात्मक तौर पर धरातल पर उतर रही है। डॉ. यादव जब मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री थे उस दौरान उन्होंने हवाई पट्टी का अवलोकन किया था और कोविड के दौर में एलान किया था कि जल्द ही यहां पर एयरपोर्ट आकार लेगा। सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत होगी और उज्जैन की आर्थिक उन्नति भी होगी। सैकड़ों फैक्ट्रियां अब उज्जैन में विक्रम उद्योगपुरी के तौर पर आ चुकी है। ऐसे में देश-विदेश के उद्योगपति भी आसानी से अपने बिजनेस के साथ दर्शन करने भी आ सकेंगे।

### उड्डयन मंत्रालय से हुआ अनुबंध-सिंहस्थ से पहले निर्माण

राज्य स्थापना दिवस (1 नवम्बर 2025) पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू की उपस्थिति में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और निर्माण एजेंसी के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए। उज्जैन की दताना-मताना हवाई पट्टी को पूर्ण एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। राज्य का नवां एयरपोर्ट बनेगा उज्जैन का हवाई अड्डा वित्त वर्ष 2023-24 तक मध्यप्रदेश में केवल पांच एयरपोर्ट (इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, खजुराहो) थे। वर्ष 2024-25 में रीवा, दतिया और सतना में तीन नए एयरपोर्ट जुड़ गए। अब उज्जैन एयरपोर्ट के निर्माण से राज्य में कुल नौ हवाई अड्डे हो जाएंगे। इस परियोजना को सिंहस्थ महाकुंभ 2028 से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालु, साधु-संत और पर्यटक सीधे हवाई मार्ग से बाबा महाकाल की नगरी पहुंच सकें। यह निर्णय उज्जैन को एक वैश्विक विमानन और धार्मिक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा बाबा महाकाल के आशीर्वाद से मध्यप्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। उज्जैन का एयरपोर्ट केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि श्रद्धा, सेवा और स्वाभिमान का प्रतीक होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वैमानिकी सुविधाओं का विस्तार योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

## 12 घंटे में तीन सड़क दुर्घटना, महिला और दो युवकों की मौत

**उज्जैन।** रविवार रात से सोमवार सुबह तक 12 घंटे में हुई तीन सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों मामलों में टक्कर मारने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

सड़क दुर्घटना का पहला मामला सोमवार सुबह राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम झांगरा की रहने वाली सजन बाई पति देवनारायण के साथ हुआ। सुबह घोंसले में लगने वाले हाट बाजार में जाने के लिए निकली थी। गांव का ही रहने वाला किशन सिंह बाइक से घोसला जा रहा था सजनबाई ने लिफ्ट मांग ली। दोनों घोसला पहुंच पाते उससे पहले आगर- उज्जैन रोड पर पीछे से तेज गति में आई इको कार ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर पीछे बैठी सजन बाई गिर गई और कार के पहिये में फंस गई। चालक ने कार नहीं रोकी और तेज गति से भागने का प्रयास किया। पहिये में उलझी सजनबाई करीब 30 से 40 फीट घसीटती हुई चली गई दुर्घटना में उसकी मौके पर मौत हो चुकी थी। बाइक पर सवार किशन सिंह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। लोगों ने घटनाक्रम देखा तो शोर मचाया तभी चालक कार छोड़कर भाग निकला, मामले की जानकारी लगते ही राघवी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल और मृतक महिला को उज्जैन चरक अस्पताल पहुंचाया गया। कार को जब्त कर लिया गया है चालक की तलाश की जा रही है। महिला सजन बाई की मौत होने पर परिजन उज्जैन चरक अस्पताल पहुंच गए थे। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए राघवी ले जाया गया है।

### इधर डंपर ने युवक को रौंदा

सड़क दुर्घटना का तीसरा मामला रविवार रात का रहा जो देवास रोड स्थित नागझरी थाना क्षेत्र की पार्श्वनाथ सिटी के सामने हुआ। बाइक पर सवार वीरेंद्र पिता दरबार सिंह पवार 19 वर्ष निवासी पंवासा नागरिक उद्योगपुरी स्थित आनंद वायर फैक्ट्री में काम करता था। रात में झूठी कर बाइक से घर लौट रहा था इस दौरान डंपर ने उसे रौंद दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच मामला जांच में लिया और मृतक के पास मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी। आज सुबह पोस्टमार्टम करा कर डंपर चालक की तलाश शुरू की गई है। इन दिनों शहर में निर्माण कार्यों के दौरान डंपर की गति कुछ ज्यादा ही तेज है जिसके चलते दुर्घटनाएं हो रही है।

### रात में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला

दूसरी दुर्घटना रविवार रात आगर रोड पर ही घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम जलवा मार्ग पर रात में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया जिसकी मौके पर मौत हो गई थी। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची मृतक की पहचान राकेश पिता मायाराम मालवीय 34 वर्ष निवासी ग्राम कालू खेड़ी घट्टिया के रूप में हुई। परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए उज्जैन लाया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि राकेश मिस्त्री का काम करता था और दो बच्चों का पिता था वह बाइक से ग्राम जलवा काम के सिलसिले में जा रहा था पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## महापौर ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की



**उज्जैन।** सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल ने पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के साथ मिलकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें मुख्य रूप से कार्तिक मेला में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी एवं अतिरिक्त जवान लगाने साथ ही संपूर्ण मेला अवधि के दौरान पुलिस जवान मेला क्षेत्र में गश्त करते रहें। ताकि किसी प्रकार की घटना ना हो एवं नागरिकों को सुरक्षा मिले। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। जिसमें ई-रिक्शा के संचालन हेतु व्यवस्था बनाएं ताकि शहर में जाम की स्थिति ना बने, देवास गेट बस स्टैंड से चलने वाली बसों के स्टॉप हेतु यातायात विभाग के साथ मिलकर बस स्टॉप का निर्धारण करें। ताकि जगह-जगह अनावश्यक रूप से बसें सवारी को बिठाने के लिए ना रुके एवं आगामी दिनों में नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक की जाएगी। जिसमें शहर के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। जिसमें सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए शहर में चल रहे चौड़ीकरण कार्यों एवं यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की जाएगी। इस दौरान एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, रजत मेहता, सत्यनारायण चौहान, कैलाश प्रजापत उपस्थित रहे।

## चेम्बर्स ओवर फ्लो होने की शिकायत पर आयुक्त ने टाटा को नोटिस जारी करने के दिए



**उज्जैन।** निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सोमवार को निरीक्षण के दौरान पीपलीनाका क्षेत्र में टाटा द्वारा डाली गई मेन लाइन एवं ओवरफ्लो चेम्बर्स का निरीक्षण किया गया। उक्त लाइन जो कि पीपलीनाका क्षेत्र से होते हुए वाल्मीकि धाम तक जाती है। जिसमें मेन लाइन के चौक होने से क्षेत्र में टाटा के चैंबर्स ओवरफ्लो हो रहे हैं। जिसके कारण गंदा पानी सड़कों पर आ रहा है जिससे गंदगी होती है। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चैंबर्स ओवरफ्लो होने के कारण नागरिकों को परेशानी हो रही है एवं गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए टाटा को नोटिस जारी किया जाकर जो मेन लाइन चौक हुई है उसका संधारण करवाया जाए। साथ ही जेटिंग मशीन के माध्यम से ओवरफ्लो चैंबर को खाली करवाया जाए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा प्रकाश विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वार्डों में स्ट्रीट लाइट को चालू एवं बंद करने का समय निर्धारण करें। अनावश्यक रूप से सुबह तक स्ट्रीट लाइट चालू ना रहे। निरीक्षण के दौरान पार्षद हेमंत गहलोत, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, सहायक यंत्री डीएस परिहार उपस्थित रहे।

## शराब के साथ पकड़ाए, कबूली केबल चोरी की वारदात



**उज्जैन।** हाथभट्टी पर बनी अवैध जहरीली शराब के साथ हिरासत में आये 2 बदमाशों ने पूछताछ में खेत से तांबे की केबल चोरी करने की वारदात भी कबूल कर ली। पुलिस ने केबल बरामद करने के बाद सोमवार को मामले का खुलासा किया। भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम मलोड़ा पंचायत के सामने बांदर बेला रोड़ से शनिवार को पुलिस ने हाथ भट्टी पर बनी जहरीली शराब के साथ 2 बदमाशों को पकड़ा। पूछताछ में उनके नाम गोकुल मोंगिया और राजेश मोंगिया होना सामने आये। मामले में दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। मोंगिया समाज के होने पर अन्य मामलों में सख्ती से पूछताछ शुरू की गई। दोनों ने ग्राम खरसौद कला स्थित रावदिया रोड कांकड स्थित खेत से 400 फीट तांबे की केबल चोरी करना भी कबूल कर लिया। पुलिस ने केबल चोरी के पुराने मामलों को तलाश तो सामने आया कि 400 फीट तांबे की केबल किसान हंसराज पिता भैरूलाल माली के खेत से हुई थी, किसान ने लिखित शिकायत की थी। पुलिस मामले में हंसराज की शिकायत पर दोनों बदमाशों के खिलाफ केबल चोरी का प्रकरण भी दर्ज कर लिया। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने चोरी की गई केबल उज्जैन के पटनी बाजार में ठिकाने लगाई है। जिसकी बरामदगी के लिये भाटपचलाना थाना पुलिस की एक टीम रविवार को उज्जैन आई और जिस स्थान पर केबल बेची गई थी, वहां से बरामदगी के प्रयास किये। दोनों बदमाश अपराधिक प्रवृति के है और पूर्व में भी पकड़े जा चुके है। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि सोमवार दोपहर दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### गाड़ी टकराने पर युवक को मारा चाकू

उज्जैन। दोस्त के साथ एक्टिवा से घर लौट रहे युवक की रास्ते में बाइक से टक्कर हो गई। विवाद होने पर बाइक सवारों ने युवक को चाकू मार दिए। घायल को दोस्त अस्पताल लेकर पहुंचा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नानाखेड़ा न्यू इंदिरा नगर में रहने वाला संदीप पिता सतीश जौहरी रंगाई-पुताई का काम करता है। रात में नागझिरी स्थित कॉलोनी से काम खत्म कर दोस्त मिलन राव के साथ घर लौट रहा था। रास्ते में बाइक से आ रहे युवकों से उसकी एक्टिवा टकरा गई। विवाद होने पर बाइक सवार युवकों ने चाकू मार दिए और भाग निकले। दोस्त मिलन घायल संदीप को अस्पताल लेकर पहुंचा। संदीप का आरोप था कि विवाद के दौरान बाइक सवारों ने उसके पास रखे 1 हजार रुपए भी छीन लिए। फिलहाल पुलिस घायल के बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

**हर से हरि का मिलन** शाम 4 बजे सभा मंडप में कलेक्टर-एसपी ने की पूजा, गोपाल मंदिर पर हरि से मिले हर

## भगवान महाकालेश्वर की 2 सवारी निकली, एक कार्तिक व दूसरी हरिहर मिलन की





**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** कार्तिक में सोमवार को भगवान महाकाल की दो सवारी निकली। एक सवारी कार्तिक मास की शाम 4 बजे मंदिर से शुरू हुई। सभा मंडप में कलेक्टर रोशन सिंह व एसपी प्रदीप शर्मा ने पूजा की। वहीं रात में हरिहर मिलन की सवारी निकली जो गोपाल मंदिर पहुंची।

दोनों सवारी में आगे घुड़सवार दल, सशस्त्र जवानों की टुकड़ियां व पुलिस का बैंड धार्मिक धुन बजाते हुआ पैदल शामिल हुआ। वहीं महाकाल मंदिर समिति के अपने बैंड ने भी भजनों की प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। दोनों सवारी में भजन मंडलियां भी झांझ-मंजिरे व डमरू वादन करते हुए शामिल हुई तो सैकड़ों भक्त महाकाल का उद्घोष करते हुए निकले। चांदी की पालकी में चंद्रमोलेश्वर ने दर्शन दिए। पहली सवारी गुदरी, कहारवाड़ी से शिप्रा तट पहुंची जहां पूजन बाद गणगौर दरवाजा, कार्तिक चौक, ढाबा रोड, छत्री चौक, गोपाल मंदिर से शाम करीब 7 बजे मंदिर पहुंची। दूसरी सवारी रात 11 बजे शुरू हुई जो गोपाल मंदिर पहुंची व रात 12 बजे हरि-हरि मिलन हुआ। हजारों भक्त मार्ग में व मंदिर के बाहर सवारी देखने के लिए उमड़े। अब अगहन मास में दो और सवारियां आएगी। पहली सवारी 10 नवंबर और दूसरी सवारी 17 नवंबर को निकलेगी।

### गोरक्षनाथ जी की महाआरती



भर्तृहरि गुफा पर उज्जैन के समस्त अखाड़ों के साधु-संतों ने सोमवार को गुरु गोरक्षनाथ जी महाराज की प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर महाआरती की। भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में पूजन, आरती, संतों व ब्राह्मणों का भंडारा संपन्न हुआ। योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज ने बताया कि गुरु गोरक्षनाथ जी नाथ संप्रदाय के संस्थापक माने जाते हैं। गुफा प्रांगण में उनकी विशाल प्रतिमा गुरु पूर्णिमा पर्व पर विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठित की थी। उनके याद करते हुए संतों व ब्राह्मणों का भंडारा किया।